राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट

दिनांक :– 14.08.2013

आयोग द्वारा दिनांक 06.08.12 को आयोजित प्रवक्ता कम्प्यूटर इंजीनियरिंग, प्रावैगिक शिक्षा विभाग के पदों की संवीक्षा परीक्षा की मॉडल उत्तर कुंजी आयोग की वेबसाईट पर दिनांक 02.11.2012 को जारी करते हुये आपत्तियाँ आमंत्रित की गई। अभ्यर्थियों से प्राप्त आपत्तियों की आयोग द्वारा विषय विशेषज्ञों से जांच करवाने के उपरान्त संशोधित उत्तर कुंजी आयोग की वेबसाईट पर दिनांक 19.06.13 को तथा पुनः संशोधित उत्तर कुंजी दिनांक 08.07.2013 को जारी की गई। अभ्यर्थियों से पुनः प्राप्त आपत्तियों की आयोग द्वारा विषय विशेषज्ञों से जांच करवाने के उपरान्त संशोधित अंतिम उत्तर कुंजी आयोग की वेबसाईट पर जारी कर दी गई हैं। यदि इसमें किसी भी अभ्यर्थी को अब भी कोई आपत्ति हो तो प्रेस नोट की जारी दिनांक से 4 दिवस अर्थात दिनांक 19.08.2013 तक अपनी आपत्ति आयोग को दर्ज करवा सकता है। आपत्ति आवश्यक रूप से आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर ही प्रस्तुत की जाएं। प्रपत्र आयोग की वेब–साइट पर उपलब्ध है। चार दिन की अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा वर्तमान में जारी की जा रही उत्तर कुंजी के आधार पर प्रवक्ता कम्प्यूटर इंजीनियरिंग, प्रावैधिक शिक्षा विभाग के पदों की संवीक्षा परीक्षा का परिणाम जारी किया जा सकेगा।

(गोविन्द नारायण अग्रवाल)

उप सचिव